जनपद हमीरपुर

**साइबर क्राइम थाना हमीरपुर** **दिनांक 14.07.2026**

## साइबर क्राइम थाना हमीरपुर द्वारा अश्लील एवं बाल यौन शोषण सम्बन्धी आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वाले आरोपी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही।

### घटना का विवरण-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना हमीरपुर द्वारा दिनांक 13.07.2026 को NCRP पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के परीक्षण के दौरान थाना सुमेरपुर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति के द्वारा अश्लील एवं बाल यौन शोषण **(Child Sexual Abuse Material - CSAM)** से संबंधित आपत्तिजनक वीडियो के डिजिटल माध्यम से संग्रहण/प्रसारण की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायत के आधार पर तत्काल तकनीकी जांच प्रारंभ करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

### पुलिस कार्यवाही-

साइबर क्राइम थाना हमीरपुर द्वारा प्राप्त शिकायतों के परीक्षण एवं डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण के दौरान ऐसे वीडियो प्राप्त हुए, जिनमें नाबालिग बच्चियों का आपत्तिजनक ढंग से वीडियो बनाया जाना तथा उनके साथ अशोभनीय हरकतें किए जाने के तथ्य सामने आए।प्राथमिक जांच में मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी एवं मोबाइल डिवाइस (IMEI) सहित उपलब्ध अन्य डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध की पहचान की गई। तत्पश्चात थाना सुमेरपुर साइबर हेल्प डेस्क के साथ समन्वय स्थापित करते हुए तथा NCMEC पोर्टल से प्राप्त शिकायत के आधार पर टीम गठित कर तकनीकी एवं डिजिटल विश्लेषण के माध्यम से अभियुक्त का पता लगाया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने महिलाओं एवं नाबालिग बच्चियों के आपत्तिजनक वीडियो का प्रचार प्रसार करता था। उक्त प्रकरण में साइबर क्राइम थाना हमीरपुर पर **धारा 67B आईटी एक्ट एवं धारा 15 पॉक्सो एक्ट** के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा डिजिटल साक्ष्यों का परीक्षण एवं अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### अभियुक्त का विवरण-

आमिर खांन पुत्र शेख मुहम्मद, (उम्र करीब 27 वर्ष) निवासी वार्ड नं0- 13 भरुआ सुमेरपुर, थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर।

### बरामदगी:-

आपत्तिजनक वीडियोग्राफी में प्रयोग किये जाने वाला एक अदद मोबाइल।

### पुलिस टीम:- (साइबर क्राइम थाना)

1. निरीक्षक भरत कुमार (प्रभारी साइबर क्राइम थाना)
2. हे0का0 कमलकान्त
3. का0 चन्द्रभवन
4. म0का0 आरती
5. म0का0 प्रज्ञा

